**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 24.09.2025**

**उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 एवं अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में जनपद जालौन पुलिस द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं को निरन्तर जागरूक कर सशक्त किया जा रहा है।**

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत जनपद जालौन के समस्त कोतवाली/थानों द्वारा स्कूल/कॉलेज, बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों व ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/ बालिकाओं को महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों **1090** वीमेन पावरलाइन, **1076** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, **181** वीमेन हेल्पलाइन, **112** पुलिस आपातकालीन सेवा, **102** स्वास्थ्य सेवा, **108** एम्बुलेंस सेवा, **1098** चाइल्ड लाइन, **101** अग्निशमन, **1930** साइबर हेल्पलाइन इत्यादि की जानकारी दी गयी।

जनपद जालौन के समस्त थानों द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं को गुड टच, बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध इत्यादि के बारें में जानकारी देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं राष्ट्रीय पोषण योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टाप सेन्टर, महिला शक्ति केन्द्र योजना इत्यादि के विषय में जानकारी दी गई तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर बताये गये हेल्प लाइन नम्बर या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के सम्बन्ध में लगातार ब्रीफ कर नेतृत्तव किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में दिनांक 23.09.2025 को कोतवाली उरई, थाना कोटरा एवं कदौरा एण्टी रोमियो टीम द्वारा रास्ते में आने-जाने वाली महिलाओं/लड़कियों को देखकर अश्लील गाना गाने वाले शोहदे क्रमशः **1.** आर्यन सचान पुत्र जयकरन सचान नि0 मुहल्ला शिवपुरी थाना कोत0 उरई जनपद जालौन **2.** अभियुक्त बृजपाल यादव पुत्र कुअंरलाल नि0ग्राम भरसूड़ा थाना कोटरा जनपद जालौन **3.** कृष्ण कुमार पुत्र सीताराम नि0 अम्बेडकरनगर कस्बा कदौरा थाना कदौरा जनपद जालौन के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है।

**जालौन पुलिस का मिशन शक्ति अभियान लगातार जारी है।**

**जालौन पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु 24*7 प्रतिबद्ध है।**